**प्रेस विज्ञप्ति**

# माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी का मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव में इरेडा पवेलियन का दौरा





भुवनेश्वर, 28 जनवरी 2025

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में आयोजित “उत्कर्ष ओडिशा: मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025” में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के पवेलियन का दौरा किया। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उन्हें भारत की सबसे बड़ी विशुद्ध रूप से हरित वित्तपोषण एनबीएफसी के रूप में कंपनी की 37 वर्षों की विरासत के बारे में जानकारी दी।

इस बातचीत के दौरान, श्री दास ने देश के पंचामृत और विकसित भारत 2047 लक्ष्यों के अनुरूप, वर्ष 2030 तक भारत के 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रकाश डाला।

माननीय,श्री मोदी के साथ ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, श्री मोहन चरण माझी, माननीय राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। “नवीकरणीय ऊर्जा के लिए जिम्मेदार” थीम वाले पवेलियन में सतत विकास के लिए इरेडा के अभिनव दृष्टिकोण और स्वच्छ ऊर्जा पहलों के वित्तपोषण के बारे में अपने फोकस को प्रदर्शित किया गया।






इस अवसर पर संदेश देते  हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने माननीय, प्रधान मंत्री के द्वारा विजिट करने के लिए आभार व्यक्त किया, और भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन  का समर्थन करने और वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए मजबूत वित्तीय सहायता के माध्यम से एक आत्मनिर्भर, सतत भविष्य को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता के बारे में  जोर दिया।

इस अवसर पर इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती, और इरेडा के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।